सम.-11014/7/2019-समन्वय

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

(समन्वय प्रभाग)

****

विषयः एसडीई मंत्रालय के संबंध में मंत्री परिषद के लिए मासिक सारांश - के संबंध में

अगस्त, 2022 के दौरान इस मंत्रालय की कुछ प्रमुख उपलब्धियां/पहलें इस प्रकार हैं:

1. कुशल भारत अभियान के अंतर्गत, एमएसडीई देश भर में युवाओं के कौशल आधारित प्रशिक्षण के लिए अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) पाठ्यक्रमों के अंतर्गत निःशक्त उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, निःशक्त उम्मीदवारों की जरूरतों को पूर्ण करने और दिव्यांगजनों के अनुकूल प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) में प्रशिक्षण चलाने के लिए दिव्यांगजनों के लिए कौशल परिषद (एससीपीडब्ल्यूडी) नामक निःशक्तों के लिए एक विशेष क्षेत्र कौशल परिषद है। इन प्रशिक्षण केंद्रों को ब्रेल, दृष्टिबाधितों के लिए कंप्यूटर स्क्रीन रीडर, मूक और बाधिरों के लिए सांकेतिक भाषा दुभाषिया इत्यादि को शामिल करने के लिए संरचनात्मक रूप से डिजाइन किया गया है ।

2. जनजातीय समुदायों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने 20 अगस्त, 2022 को रांची में सेवा भारती और युवा विकास सोसाइटी के साथ साझेदारी में ग्रामीण उद्यमी परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए कार्यात्मक कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री ने श्री राजीव चंद्रशेखर, कौशल विकास और उद्यमशीलता और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री (एमओएस) की उपस्थिति में किया ।

3. नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए कुशल भारत अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में 1000 उम्मीदवारों को पूर्व शिक्षण

की मान्यता (आरपीएल) कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 650 उम्मीदवारों को प्रमाणित किया गया है। यह पहल एनडीएमसी और विश्व बैंक की संकल्प कार्यक्रम परियोजना द्वारा वित्त पोषित है। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने श्री विनय कुमार सक्सेना, एलजी, दिल्ली के साथ दिल्ली में पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए 50 एनडीएमसी कर्मियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

4. <u>वीसी, बैठकें और महत्वपूर्ण निर्णय:-</u>

• एनसीवीईटी के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 22वीं बैठक 28 जुलाई, 2022 को आयोजित हुई। राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचे (एनएसक्युएफ) के साथ संरेखण के लिए अनुमोदन के लिए कुल **84** (20 नई और 64 संशोधित) अर्हताओं पर विचार किया गया था, जिनमें से **70** अर्हताओं को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।

• संकल्प की परियोजना निष्पादन समिति (पीईसी) की 20वीं बैठक 17.08.2022 को संयुक्त सचिव (संकल्प) की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों की जांच की गई और आगामी विचारार्थ कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड को भेज दिए गए।

5. शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 150 पुनर्गठित अर्हताओं, जिसमें वार्षिक प्रशिक्षण के घंटे 1600 घंटे के स्थान पर 1,200 घंटे हैं, को 25 अगस्त, 2022 को आयोजित 22वीं एनएसक्यूसी बैठक में रखा गया था। यह एकीकृत क्रेडिट फ्रेमवर्क तथा स्कूली शिक्षा के अनुरूप है। इन सभी 150 अर्हताओं को एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित माना गया है।

6. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और संयुक्त राष्ट्र संघ के बीच साझेदारी के भाग के रूप में एमएसडीई की महिला कर्मियों के लिए, "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" पर 26 अगस्त, 2022 को क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किए गए थे।

7. सेवा प्रदायगी को सुदृढ़ करने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एनसीवीटीएमआईएस (आईटीआई प्रबंधन सूचना प्रणाली) पर आशोधन किए गए हैं। भारत कौशल पर संशोधित ट्रेड पाठ्यक्रम के अनुसार 06 आईटीआई ट्रेडों की हिंदी और अंग्रेजी में ई-पुस्तकें अपलोड की गई हैं ।

8. आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) हर घर तिरंगा अभियान:

• आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के अंतर्गत, देश भर में एमएसडीई के अंतर्गत 200 से अधिक जन शिक्षण संस्थानों ने अपने परिचालन क्षेत्रों में 13-15 अगस्त, 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए।

• एमएसडीई के अंतर्गत जेएसएस ने 14.08.2022 को एकेएएम के अंतर्गत "विभाजन के डरावने स्मरण दिवस" पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से, जेएसएस ने विभाजन की दुखद यादों को याद किया और उन सभी को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई।

• एकेएएम अभियान के भाग के रूप में, अगस्त, 2022 के दौरान 14 आदर्श ग्रामों में 14 आरपीएल शिविर (30 बैच) आयोजित किए गए, जिनमें 980 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया।

9. उपरोक्त पहलों के अतिरिक्त, अनेक आंतरिक उपायों के माध्यम से कार्यनिष्पादन के युक्तिकरण के लिए चल रही प्रक्रिया सभी डेलीरेबल्स क्षेत्रों के त्वरित निपटान में अत्यधिक तत्परता और दक्षता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है।

****